75 भारत अमृत महोत्सव

CPCB

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)

परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर, दिल्ली-110032

सं.सी-14015013/हिं.दि./20-21/184 दिनांक : 01.09.2022

परिपत्र

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेशों के अनुसार केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय एवं पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार, हिंदी पखवाड़ा दिनांक 14 सितम्बर, 2022 (बुधवार) से सूरत (गुजरात) से माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में किया जाएगा। तत्पश्चात, दिनांक 16.09.2022 से कार्यालय में हिंदी पखवाड़े संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। तदनुसार, मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए निम्नानुसार प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं:

क्र.सं.	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार	पुरस्कारों की राशि	पुरस्कारों की संख्या	पात्रता
01.	वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी
02.	हिंदी टिप्पण/आलेखन/ पत्राचार	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी
03.	शब्द स्मरण एवं राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	प्रथम द्वितीय तृतीय प्रोत्साहन	5000.00 3000.00 2000.00 1000.00	एक एक एक दो	सभी वर्ग के अधिकारी/कर्मचारी

प्रतियोगिताओं संबंधी नियम एवं शर्तें:

- "**वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता :** कृपया अपने लेख राजभाषा प्रभाग में रखे गए बॉक्स में डालें ताकि इनका मूल्यांकन करके यथासमय पुरस्कार निर्धारित किए जा सकें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त लेखों पर विचार नहीं किया जाएगा। लेख पर्यावरण, प्रदूषण अथवा वर्तमान वैज्ञानिकीय जानकारी से संबंधित विषयों पर उत्कृष्ट भाषा-शैली, अर्थपूर्ण, कम आंकड़ो वाला, जन-जागरूकता बढ़ाने वाला तथा **अधिकतम 10 पृष्ठों** तक का होने चाहिए। इसके साथ ही, **केवल हस्तलिखित लेखों** को ही स्वीकार किया जाएगा।
- "**हिंदी टिप्पण/आलेखन/पत्राचार प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता में व्यावहारिक/कार्यालयी हिंदी, टिप्पण/आलेखन पत्राचार, अंग्रेजी वाक्यों/शब्दों का हिंदी पर्याय एवं हिंदी वाक्यों/शब्दों का अंग्रेजी पर्याय इत्यादि से संबंधित प्रश्न होंगे।

- **शब्द स्मरण एवं राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** : यह प्रतियोगिता दो खंडों में विभाजित होगी। इसमें परीक्षा स्थल पर दिए गए प्रशासनिक/पर्यावरणीय/कार्यालयी आदि शब्दों का संकलन को स्मृति के आधार पर (शब्दों) को लिखना होगा तथा राजभाषा नियम/अधिनियम/आदेश आदि से संबंधित प्रश्नों के नियत समयावधि में अति-लघु उत्तर देने होंगे। दोनों खंडों में प्राप्त अंकों के समेकन के आधार पर प्रतियोगिता परिणाम तैयार किया जाएगा।

3. उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताएं, 14 सितंबर, 2022 से 29 सितंबर, 2022 के बीच में आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता संबंधी अन्य नियम, आयोजन की तिथि, समय, स्थान एवं अन्य जानकारी से प्रति भागियों को यथासमय सूचित कर दिया जाएगा।

ध्यान रखने योग्य बातें (1) प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, प्रतियोगिताओं को 20-20 प्रतिभागियों के समूह में करवाया जाएगा।

(2) सामाजिक दूरी को ध्यान में रखते हुए, एक-एक कुर्सी छोड़कर बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

(3) प्रतियोगिता के आयोजन से पूर्व प्रशिक्षण कक्ष को विधिवत रूप से सेनिटाइज करवाया जाएगा।

(4) प्रतियोगिता के दौरान सभी को मॉस्क पहनना अनिवार्य होगा।

उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी, जिस-जिस प्रतियोगिता में भाग लिया जाना है, उसका नाम दर्शाते हुए अपने नाम, पदनाम, सीपी संख्या आदि विवरण को **दिनांक** 08.09.2022 तक राजभाषा प्रभाग को प्रेषित करें। इसके साथ ही उक्त विवरण ईमेल cpcbhindievents@gmail.com पर भी भेजने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त नामों पर विचार नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रतियोगिता में दो या अधिक प्रतिभागियों के अंक समान होने की दशा में उन्हें प्राप्त पुरस्कार राशि समान रूप से विभाजित की जाएगी। विजेता कार्मिक को पुरस्कार राशि सीधे उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। सभी प्रतियोगिताओं में निर्णायकगण का फैसला अंतिम एवं मान्य होगा।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(अवधेश तिवारी)
सहायक निदेशक (रा.भा.) एवं
प्रभारी राजभाषा प्रभाग

सभी अधिकारी/कर्मचारी, केंद्रीय बोर्ड (मुख्यालय)-संबंधित प्रभाग प्रमुख के माध्यम से।

प्रतिलिपि :

1. सभी प्रभाग प्रभारी	कृपया अपने अधीनस्थ कार्मिकों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
2. प्रभारी, वित्त एवं लेखा प्रभाग, केंद्रीय बोर्ड	आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
3. परिवेश भवन के सभी तलों के सूचना पट्ट	
4. प्रभारी, आई.टी प्रभाग	कृपया इस परिपत्र को के.प्र.नि. बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।

(अवधेश तिवारी)